**<u>न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, तृतीय, जौनपुर।</u>**

मुकदमा संख्या–240/ 2022

राजेन्द्र प्रसाद यादव-----**बनाम**----सुरेन्द्र प्रताप यादव व अन्य।

**<u>दिनांक–20.09.2022</u>**

आवेदक द्वारा उपरोक्त प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा–155(2) द0प्र0सं0 प्रस्तुत कर याचना की गयी है कि एन0सी0आर0 **संख्या–61/ 2022** के प्रकरण में विवेचना हेतु आदेश पारित किया जाय।

अवलोकन से यह स्पष्ट है कि अपराध उपरोक्त असंज्ञेय है व थाने की आख्या अनुसार अन्वेषण नहीं हो रहा है, इन परिस्थितियों में एन0सी0आर0 उपरोक्त की विवेचना कराया जाना न्यायोचित है।

**<u>–आदेश–</u>**

सम्बन्धित थाना प्रभारी को आदेशित किया जाता है कि एन0सी0आर0 **संख्या–61/ 2022** की विवेचना विधि अनुसार कराना सुनिश्चित करें।

**अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, तृतीय,**
**जौनपुर।**